font>

Title: Need to convert Achalpur-Murtizapur-Yawatmal Narrow-Gauge Rail Line in Maharashtra into broad-gauge.

श्री अनंत गुढे (अमरावती) : उपाध्यक्ष महोदय, अचलपुर-मुर्तीजापुर-यवतमाल यह नैरो गेज रेल लाइन को ब्रॉडगेज में परिवर्तित करने हेतु मैंने कई बार नियम 377 के अंतर्गत सदन में मामला उठाया है और माननीय रेल मंत्री जी को पत्र लिखे हैं।

75 वर्ा पूर्व यह लाइन आज 21वीं सदी में बहुत ही महत्वपूर्ण हो गई है। इस रेल लाइन पर सेगकर, अंजनगाव, सूर्ज, दर्यापुर, अचलपुर यह बड़ी शहर और ग्रामीण क्षेत्र है। जो बड़ी मात्रा में कृाि उत्पाद करते हैं। संतरा, केला, गन्ना, गेहूं, सोयाबीन का बड़ी मात्रा में यहां उत्पादन होता है। शहानुर नामक बड़ा डैम यहां पर खेती को पानी देता है। नैरो गेज रेल लाइन के स्टेशनों की हालत बहुत ही खस्ता हो गई है। भारतीय रेल इंग्लिश कंपनी को रॉयल्टी देकर यह ट्रेन चलती है।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से नम्र निवेदन करता हूं कि इस रेल लाइन को ब्रॉड गेज में परिवर्तन करने हेतु इस मार्ग का सर्वेक्षण का काम शुरू करे।

<